हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

11 शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं दालें, दूध हरी सब्जियां...



12 नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि यह...



## सीएम दौरे को लेकर एसपी ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

# नगरपालिका चुनाव : आज सीएम सैनी जाखल में जनसभा को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की जाखल नगरपालिका के 2 मार्च को होने वाले चुनावों को लेकर आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। आज सीएम नायब सिंह सैनी जाखल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंच रहे है। सीएम यहां एक जनसभा को संबोधित कर चेयरमैन पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र मित्तल के लिए वोटों की अपील करेंगे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल का मुकाबला निर्दलीय उम्मीदवार विकास कामरा से है। विकास कामरा इससे पहले जाखल से पार्षद रह चुके हैं और कांग्रेस यूथ हलका अध्यक्ष, जिला उप प्रधान तथा विधानसभा सचिव के रूप में काम कर चुके हैं। जाखल में सीएम के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता पबंध किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने वीरवार को सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी जाखल पहुंच रहे है। जगह-जगह पर पुलिस की नाकेबंदी रहेगी।



फतेहाबाद। जाखल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम बारे जानकारी देते ट्रेनर।

### जाखल में 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि नगरपालिका आम चुनावों को शांतिपूर्वक व पारदर्शी से करवाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सैक्टर ऑफिसर नियुक्त किए गए है। उन्होंने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल में चुनाव की तैयारियों को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सैक्टर ऑफिसर के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से सभी प्रकार की व्यवस्था पुख्ता की गई हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष तरीके से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए सैक्टर ऑफिसर व ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। बैठक के दौरान, उन्होंने चुनावी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए निष्पक्षता, सतर्कता और दक्षता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मतदान प्रक्रिया 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगी। इससे पहले पोलिंग पार्टियों की दूसरी रिहर्सल का भी आयोजन किया गया, जिसमें पोलिंग पार्टियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं। मास्टर ट्रेनर विजय बंसल ने पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं।

### सीएम के दौरे के चलते ड्रोन पर प्रतिबंध

जिलाधीश मनदीप कौर ने 28 फरवरी को जाखल में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से हैलीपेड व अनाज मंडी जाखल की 5 किलोमीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन/पैराग्लाइडर आदि का उपयोग व उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेशों की अवहेलना में दोषी व्यक्ति या व्यक्तियों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में बताया गया है कि 28 फरवरी को अनाज मंडी जाखल व हैलीपेड की पांच किलोमीटर के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन, ग्लाइडर आदि की उड़ान पर प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ ही उपरोक्त क्षेत्र को अस्थाई रेड जोन घोषित करते हुए ड्रोन रूल-2021 के रूल 24 के तहत आदेश पारित किए हैं।

### ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री की सुरक्षा के लिए जिलाधीश ने लगाई धारा 163

शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए जिला में 2 मार्च को नगरपालिका जाखल के अध्यक्ष व वार्ड सदस्य के चुनाव के लिए मतदान करवाया जाएगा। पोलिंग समाप्ति के बाद ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखल के स्ट्रॉग रूम में जमा करवाई जाएगी। जिलाधीश मनदीप कौर ने ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री की सुरक्षा के मद्देनजर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखल में बनाए गए स्ट्रॉग रूम के 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की है। ये आदेश मतगणना 12 मार्च तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों में जिलाधीश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखल में बनाए गए मतगणना केंद्र की 200 मीटर की परिधि में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक साथ खड़े होने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बताया कि ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री की सुरक्षा के मद्देनजर धारा 163 लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि ये आदेश ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री की सुरक्षा में तैनात कर्मियों पर लागू नहीं होंगे।

# नगर परिषद चुनाव के लिए ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नियुक्त

**खास बातें**

- अधिकारी अपने-अपने बूथों का निरीक्षण कर सभी जरुरी सुविधाओं की उपलब्धता को करेंगे सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए उपायुक्त शांतनु शर्मा ने डयूटी मैजिस्ट्रेट व सुपरवाइजरी ऑफिसर नियुक्ति किए हैं। ये अधिकारी अपने-अपने बूथों का निरीक्षण कर वहां पर सभी जरुरी सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करेंगे।

जारी आदेश अनुसार वार्ड नंबर एक के बूथ नंबर एक से 4 व वार्ड नंबर 2 के बूथ नंबर 5 से 8 तक के लिए उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिंह को डयूटी मजिस्ट्रेट व सहायक प्राध्यापक मानिक गोयल को सुपरवाइजरी ऑफिसर के तौर पर नियुक्त किया है। इसी प्रकार वार्ड 3 के बूथ नंबर 9 से 14 व वार्ड नंबर 4 के बूथ नंबर 15 से 19 तक के लिए उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिंह को डयूटी मजिस्ट्रेट व सहायक प्राध्यापक रमेश कुमार सोनी को सुपरवाइजरी ऑफिसर नियुक्त किया है। वार्ड नंबर 5 के बूथ नंबर 20 से 24 तथा वार्ड नंबर 9 के बूथ नंबर 38 से 42 तक के लिए कार्यकारी अधिकारी संदीप शर्मा को डयूटी मजिस्ट्रेट व सहायक प्राध्यापक राजेश को सुपरवाइजरी ऑफिसर बनाया गया है। वार्ड 6 के बूथ नंबर 25 से 29 व वार्ड नंबर 32 के बूथ नंबर 140 से 143 तक के लिए कार्यकारी अधिकारी संदीप शर्मा को डयूटी मजिस्ट्रेट व प्राध्यापक अनिल जिंदल को सुपरवाइजरी ऑफिसर नियुक्त किया है। वार्ड नंबर 7 के बूथ नंबर 30 से 33 व वार्ड नंबर 8 के बूथ नंबर 34 से 37 तक के लिए जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार को बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट व सहायक प्राध्यापक डा. रोहताश को सुपरवाइजरी ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### कार व्यापारी से लूट का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**भूना।** गांव सनियाना के पास एक साल पहले कार व्यापारी से दो लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान नरेश उर्फ मुर्गा निवासी जांडली खुर्द के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस मास्टरमाइंड अजय उर्फ टिंकू और बलराज जांडली को गिरफ्तार कर चुकी थी। नरेश पुलिस को चकमा दे रहा था, जिसे बुधवार को पकड़ लिया गया। अदालत ने नरेश को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस को उससे 80 हजार रुपये बरामद करने हैं। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 16 फरवरी 2024 को हुई लूट में शामिल नरेश अपने घर आया हुआ है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे घर से दबोच लिया।

## खबर संक्षेप

### श्री श्याम बाबा की शोभा यात्रा 7 मार्च को

**फतेहाबाद।** श्री श्याम मंदिर बड़ोपल द्वारा 7 मार्च को गांव में श्री श्याम बाबा की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद गांव में श्याम बाबा का विशाल जागरण भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर गांव के श्यामभक्तों में काफी उत्साह है और श्रद्धालु जोर-शोर से इसकी तैयारियों में जुटे हैं। मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च शुक्रवार को दोपहर सवा 2 बजे श्री श्याम शोभा यात्रा गांव के श्री श्याम मंदिर से शुरू होगी। शोभा यात्रा के दौरान श्यामभक्त हाथों में ध्वजा थामे पूरे गांव का भ्रमण करेंगे।

### शहिनशाह रूहानी सत्संग 2 को, डोर टू डोर अभियान

**रतिया।** शहिनशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां द्वारा अनाज मंडी रतिया में आगामी 2 मार्च को विशाल रुहानी सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक सत्संग कार्यक्रम को लेकर आज सेवादारों द्वारा शहर भर में प्रचार अभियान चलाया गया। प्रचार अभियान में सैकड़ों सेवादारों ने भाग लेकर अपनी सेवा निभाई। सेवादारों ने बुढ़लाडा रोड, फतेहाबाद रोड, मंडी रोड, मेन बाजार, अनाज मंडी रोड सहित अनेक क्षेत्रों में डोर टू डोर पहुंचकर श्रद्धालुओं को सत्संग का निमंत्रण दिया।

### 3 शिकायतों के समाधान के लिए दिए निर्देश

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर लगातार आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर के माध्यम से समस्याओं का समाधान कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। एसडीएम सुरेश कुमार ने नागरिकों से आह्वान किया कि प्रशासन द्वारा प्रातः 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### इग्नू में री रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज

**सिरसा।** इग्नू स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र जनवरी 2024 में इग्नू में दाखिला लिया था और जिन्होंने अभी तक अगली कक्षा के लिए अपना रि-रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया वे विद्यार्थी 28 फरवरी तक अपना रि-रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2025 में दाखिले की तिथि बढ़ाते हुए 28 फरवरी 2025 तक की है। जो छात्र छात्राएं इग्नू विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर में पढ़ाई करना चाहते हैं और जो नियमित दाखिले से वंचित रह गए थे वे इग्नो स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा कोड नंबर 1085 में स्नातक व स्नातकोतर में जनवरी 2025 सत्र के लिए प्रवेश ले सकते हैं।

### रामबाग में पहला विशाल शिव जागरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज. ओढां। गांव नुहियांवाली के रामबाग में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में जागरण का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से रामबाग में शिवरात्रि पर पहला विशाल जागरण करवाया गया। इस जागरण में भजन गायक सतपाल नेहरा, राजपाल सरस्वां और संजय परिहार ने भगवान भोले नाथ का सारी रात गुणगान किया। किशना आर्ट गुरप सिरसा के कलाकारों ने भगवान शिव पार्वती की सुंदर सुंदर झांकियां निकाली। जिनको देखकर सभी ग्रामवासी मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि आत्माराम गेदर, कमेटी सदस्य डॉ. अजय सुथार, मनीत सेवटा, विनोद स्वामी, संदीप नेहरा आदि मौजूद रहे।

# पक्षियों के संरक्षण और देखभाल के लिए अनूठी पहल, मताना में पक्षी रैन बसेरा का उद्घाटन

## 10 लाख रुपये की लागत, समाजसेवी देवीदयाल तायल ने वहन किया खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव मताना में श्री कृष्ण प्रणामी पक्षी रैन बसेरा का उद्घाटन अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस रैन बसेरे का निर्माण 10 लाख रुपये की लागत से किया गया, जिसका संपूर्ण व्यय समाजसेवी देवी दयाल तायल द्वारा वहन किया गया। रैन बसेरा पक्षियों के संरक्षण और देखभाल के लिए भी एक अनूठी पहल है। इस सामाजिक सेवा के लिए देवी दयाल तायल के योगदान की सभी ने सराहना की। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यह रैन बसेरा सेवा और जीवों के कल्याण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे परोपकारी कार्यों में सहयोग करने की अपील की। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक योजनाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह रैन बसेरा समाज में सेवा व समर्पण की भावना को और अधिक प्रबल करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया और रैन बसेरे के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



फतेहाबाद। गांव मताना में श्री कृष्ण प्रणामी पक्षी रैन बसेरे का उद्घाटन करते एडीसी अनुराग ढालिया।

# एक किस्त बकाया होने पर भेजे गुंडे, महिला से मारपीट कर ई-रिक्शा छीनने का प्रयास

## श्याम ऑटो इंडस्ट्रीज के मालिक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में ई-रिक्शा चलाने वाली एक महिला के लोन की किस्त बकाया होने पर एजेंसी मालिक व उसके कारिंदों द्वारा उसे जातिसूचक गालियां निकालने व मारपीट कर जबरन ई-रिक्शा छीनने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस मामले में टोहना पुलिस ने फतेहाबाद में खैराती रोड स्थित श्री श्याम ऑटो इंडस्ट्रीज के मालिक सुनील कुमार, उसके कारिंदे सुनील व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में किला मोहल्ला टोहाना निवासी महिला ने कहा है कि वह ई-रिक्शा चलाने का काम करती है। कुछ महीने पहले उसने फतेहाबाद के खैराती रोड स्थित श्री श्याम ऑटो इंडस्ट्रीज के मालिक सुनील कुमार से फाइनेंस पर ई-रिक्शा खरीदी थी। जिसकी एक किस्त के 10500 रुपये बाकी थे। रिक्शा खराब होने व काम न होने के कारण वह किस्त नहीं भर पाई तो सुनील ने जबरन अपने गुण्डों को भेजकर ई-रिक्शा को उठाने की कोशिश की। इसके बाद किस्त लेने आने वाला एजेंट रोशन जोकि उस पर गलत नीयत रखता था, अपने साथी के साथ रेलवे रोड पर आया। जब वह सवारी छोड़कर आ रही थी तो दोनों ने उसे रोक लिया और कहा कि अगर वह उसे खुश करेगी तो उसका लोन माफ करवा दूंगा। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है।



### भिवानी बोर्ड की परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 लागू, जिलाधीश ने जारी किए आदेश

**फतेहाबाद।** जिलाधीश मनदीप कौर ने जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की 10वीं की 28 फरवरी से 19 मार्च तक, 12वीं की 27 फरवरी से 29 मार्च तक तथा डीएल की 3 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 163 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। जारी आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है कि तो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेशों में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के हथियार ले जाने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं कर सकता है।

### बादलवाही व तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी, 5 डिग्री तक लुढ़का तापमान

**फतेहाबाद।।** पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते वीरवार अलसुबह फतेहाबाद में बूंदाबांदी हुई। उसके बाद पूरा दिन बादल छाये रहे और तेज हवाएं चलती रही। पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान 5 डिग्री लुढक गया जिससे एक महीने बाद लोगों को तेज धूप से राहत मिली। वीरवार को ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुशनुमा बना रहा। यह मौसम गेहूं के लिए अच्छा माना जा रहा है। बता दें कि पिछले दिनों मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते बादलवाही व बूंदाबांदी की संभावना जताई थी। पिछले करीब एक माह से तापमान सामान्य से 5-6 डिग्री ऊपर चल रहा था। तेज धूप से जहां फरवरी में ही गर्मी का अहसास होने लगा वहीं गेहूं की फसल को लेकर किसानों के साथ कृषि विशेषज्ञ भी चिंतित दिखाई दे रहे थे। कृषि विशेषज्ञों ने तो यहां तक कह दिया था कि तापमान इस समय बार्डर लेवल पर है। अगर यह ओर बढ़ता है तो गेहूं के उत्पादन पर इसका विपरीत असर पड़ेगा लेकिन वीरवार को बादलवाही के बाद बूंदाबांदी व हवाएं चलने से तापमान 5 डिग्री लुढक गया जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। वीरवार को यहां का अधिकतम तापमान 23 डिग्री व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



फतेहाबाद। गुरूद्वारा झाड़ साहिब में सरोवर में स्नान करते श्रद्धालु।

# फाल्गुन अमावस्या पर सरोवर में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फाल्गुन अमावस्या पर वीरवार को रतिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री झाड़ साहिब में विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस दिन अखण्ड पाठ का भोग डाला गया। गुरूद्वारे के पवित्र सरोवर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाई और गुरू ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया। गुरूद्वारे में पूरा दिन श्रद्धालुओं के लिए लंगर चलता रहा। कार्यक्रम को लेकर गुरूद्वारे के बाहर सामान की भी काफी स्टालें लगी हुई थी, जहां लोगों ने जमकर खरीददारी भी की।फाल्गुन अमावस्या को गुरूद्वारा झाड़ साहिब में धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अलावा मंदिरों व गौशालाओं में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वीरवार को आम दिनों की अपेक्षा मंदिरों में ज्यादा भीड़ नजर आई। इसके अलावा गौशालाओं में भी दान के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे और गौसेवा की। इस दिन स्नान, ध्यान व दान करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण विधि, दान व श्राद्ध किया जाता है, ऐसा करने से अमावस्या पर पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इस बार फाल्गुन अमावस्या पर कई शुभ योग भी बने रहे, जिससे इस दिन का महत्व काफी बढ़ गया है। इस अमावस पर भी गुरूद्वारे में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**जिला बार चुनाव** | इस बार प्रधान व सचिव दोनों पदों पर माना जा रहा कड़ा मुकाबला

# फतेहाबाद में 636 वकील आज चुनेंगे प्रधान और सचिव, 84 महिला मतदाता भी डालेंगी वोट

- लाइब्रेरी में बनाए गए 3 बूथ, मतदान के तुरंत बाद होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान व सचिव पद के लिए आज वोट डाले जाएंगे। सुबह 10 बजे से प्रथम मंजिल पर स्थित लाइब्रेरी में मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी जोकि शाम साढ़े 4 बजे तक चलेगी। एक बजे आधे घंटे का लंच ब्रेक रहेगा। मतदान के लिए लाइब्रेरी में 3 बूथ बनाए गए हैं। इस बार प्रधान व सचिव दोनों पदों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। प्रधान पद के लिए 3 उम्मीदवारों व सचिव पद के लिए दो उम्मीदवारों के बीच आमने-सामने मुकाबला होगा। चुनाव अधिकारी राकेश गर्ग, चुनाव कमेटी के सदस्य आरएस चतरथ, कमलेश वशिष्ठ, प्रेम परमजीत कौर व अनुज आनंद ने बताया कि इस बार प्रधान व सचिव पद के चुनाव बैलेट पेपर से होंगे। चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चुनाव में 636 वकील अपने मत का प्रयोग करेंगे। इनमें 84 महिला मतदाता शामिल हैं। प्रधान पद के लिए तीन उम्मीदवार दिनेश गेरा, सुभाष जांगू व शशी बाला चुनाव मैदान में है वहीं सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार पुनीत भुटानी व सुग्रीव गोदारा चुनाव मैदान में है जबकि अन्य पदों के लिए सर्वसम्मति बन गई है। उपप्रधान सतेन्द्र बिश्नोई, वित्त सचिव संदीप श्योराण, सहसचिव शम्मी राठौड़, लाइब्रेरियन सुनील कुमार को निर्विरोध चुना जा चुका है। प्रधान पद के लिए पीला बैलेट पेपर होगा, जबकि सचिव पद के लिए सफेद बैलेट पेपर होगा। चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए पुलिस कप्तान को चि_ी लिखकर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने के बारे में लिखा गया है। मतदान खत्म होने के बाद वोटों की गिनती करके चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। मतदान के लिए सभी मतदाता के लिए आईडी कार्ड लाना जरूरी है। कोई भी मतदाता मोबाइल फोन, कैमरा या अन्य इलेक्ट्रिकल डिवाइस का प्रयोग नहीं करेगा। यदि कोई मतदाता इनका प्रयोग करता है या मतपत्र की फोटो खींचता पाया गया तो उसका मत रद्द कर दिया जाएगा। बता दें कि इस बार 636 मत है जबकि पिछले साल 703 वकीलों ने मतदान किया था। इस बार पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल के सख्त निर्देश थे कि कोई भी मैम्बर शपथ पत्र नहीं देता या फीस अदा नहीं करता, उसकी सूची उन्हें भेजी जाए। जिला बार एसोसिएशन ने ऐसे 67 नामों की सूची बार कौंसिल को भेजी। बार कौंसिल ने सूची को वेरिफाई करके वापस जिला बार एसोसिएशन को भेजा। जिसके बाद अंतिम सूची में 636 मतदाता फाइनल किए गए।



फतेहाबाद। बार एसोसिएशन चुनावों बारे जानकारी देते चुनाव अधिकारी।

### टोहाना बार एसो. चुनाव में 291 वकील डालेंगे वोट

**फतेहाबाद।** टोहाना बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को होने वाले चुनावों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव पर्यवेक्षक केवल कृष्ण सिंगला ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होंगे, जिसके बाद शाम 5 बजे परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों की घोषणा प्रधान पद के लिए सुरेश गिल और सत्यवान डूलट के बीच सीधा मुकाबला होगा, जबकि उप प्रधान पद के लिए अनुराग जैन और सतबीर सिंह चुनावी मैदान में हैं। इस चुनाव में बार एसोसिएशन के 291 सदस्य मतदान करेंगे। अन्य पदों पर निर्विरोध चयन हो गया है, जिसमें सचिव नीरज गोयल, सह सचिव अंकित भलौटिया, कैशियर राजेश सभरवाल निर्विरोध चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया व निष्पक्षता बारे चुनाव पर्यवेक्षक ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न कराने की व्यवस्था की गई है। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को एक साथ आधिकारिक पत्र जारी किए जाएंगे। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रधान व उप प्रधान पद पर कौन से उम्मीदवार जीत हासिल कर एसोसिएशन का नेतृत्व करेंगे।

## खबर संक्षेप

### गोसेवा में सहयोग के चलते ललित जैन सम्मानित

**सिरसा।** श्री वासुदेव कृष्ण गौशाला डिंग-मोचीवाली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा तथा गांव रंधावा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में समाजसेवी ललित जैन को आमंत्रित कर सहयोग देने के लिए सम्मानित किया गया। गांव डिंग-मोचीवाली में कथावाचक स्वामी दिनेशानंद महाराज तथा गांव रंधावा में कथावाचक स्वामी कृपाचार्य महाराज ने उन्हें स्मृति चिह्न व श्रीफल देकर सम्मानित किया और गौसेवा में सदैव इसी प्रकार सहयोग के लिए आशीर्वाद दिया।

### मोबाइल टावर लगाने के नाम पर हो रही ठगी

**डबवाली।** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने आमजन को नए-नए तरीके से किए जा रहे फ्रॉड से बचने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने खेत, खाली पड़ी जमीन या छत पर मोबाइल टावर लगवाने की सोच रहे हैं तो सावधान हो जाएं। सोशल मीडिया पर एक चीज तेजी से वायरल हो रही है। वायरल खबर में दावा किया जा रहा है कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग एक नई स्कीम लेकर लाया है, जिसके इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर मोबाइल टावर लगाने के लिए नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दे रहा है और एलटीई मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए 12,500 कलेक्ट करने को कह रहा है। पीआईबी फैक्ट चेक के मुताबिक दूरसंचार विभाग की मोबाइल टावर लगाने के लिए नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट देने की बात अफवाह है।

### खुइयां नेपालपुर का युवक हुआ ठगी का शिकार

**ओढां।** गांव खुइयांनेपालपुर निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर मैसेज आया कि उसका पानी का कनेक्शन ब्लॉक हो गया है। मैसेज के आधार पर जब उसने लिंक के माध्यम से एक एप डाउनलोड कर उसमें लॉगिन कर अपना एटीएम नंबर डाला तो उसके खाते से 48 हजार रुपए उड़ गए। साइबर ठगी का शिकार होने के बाद व्यक्ति ने इसकी शिकायत दर्ज करवाई।पुलिस को दी शिकायत में आत्मप्रकाश ने बताया कि बीती 24 फरवरी को उसके मोबाइल नंबर पर एचएसवीपी विभाग के नाम पर उसका पानी का कनेक्शन ब्लॉक होने संबंधी एक मैसेज आया। मैसेज में दिवेश जोशी नामक व्यक्ति का नंबर दिया हुआ था और लिखा हुआ था कि अपना पानी का कनेक्शन अनब्लॉक करने इस नंबर पर कॉल करें।

### जंभेश्वर भगवान की शिक्षाओं पर डाला प्रकाश

**हिसार।** जवाहर नगर स्थित गुरु जंभेश्वर मंदिर में अमावस्या के अवसर पर हवन यज्ञ कर सर्वजन कल्याण की मंगल कामना की गई। धांसू से आत्माराम जांगू व हेतराम धारणिया ने संयुक्त रूप से गुरु जंभेश्वर भगवान की शिक्षाओं के बारे में आए हुए भक्तजनों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि जंभेश्वर भगवान द्वारा बताए गए नियमों की पालना वर्तमान समय में बदलते सामाजिक परिवेश के मध्यनजर मनुष्य के लिए बहुत जरूरी हैं। इस अवसर पर विनोद, आत्मप्रकाश, सुमन व भावना आदि उपस्थित रही।

### नशीली गोलियां सहित नशा तस्कर काबू

**हिसार।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हिसार यूनिट ने कार्रवाई करते हुए पटेल नगर से नशा तस्कर मोहमद आमिर को भारी संख्या में नशीली गोलियां व इंजेक्शन के साथ काबू किया है। आरोपी से टीम ने 1190 नशीली गोलियां व 60 इंजेक्शन बरामद किए है। पुलिस आरोपी से यह पूछताछ करने में जुटी है कि वह नशीली गोलियां व इंजेक्शन कहां से लाया था और किससे सप्लाई करनी थी। प्रवक्ता ने बताया कि एनसीबी हिसार यूनिट के एएसआई हेमराज सिंह के नेतृत्व में टीम गश्त कर रही थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहमद अमिर को गिरफ्तार किया और उसके पास से नशीली गोलियां व इंजेक्शन बरामद किए।

## कुपोषण मुक्त अभियान : महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया जागरूक

# शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं दालें, दूध हरी सब्जियां, फल और सूखे मेवे : बेअंत कौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| टोहाना

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं, लड़कियों व बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान 20 फरवरी से 24 मई तक चलाया जा रहा है। वीरवार को सुपरवाइजर रचना व पोषण अस्सिटेंट बैअंत कौर ने कुपोषण मुक्त अभियान के तहत गांव पिरथला में महिलाओं की गोद भराई व शपथ दिलाई गई।

उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि कुपोषण एक गंभीर समस्या है, जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। संतुलित आहार और स्वच्छता को अपनाकर हम इसे रोक सकते हैं। हरी सब्जियां, दालें, दूध, फल और सूखे मेवे हमारे शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं। हर महिला को अपने आहार में इनका समावेश करना चाहिए, ताकि वे स्वयं और उनका बच्चा स्वस्थ रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न की गई, जिसमें उन्हें पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, उपस्थित महिलाओं को संतुलित और पोषण युक्त आहार अपनाने की शपथ दिलाई गई, ताकि वे स्वयं स्वस्थ रहें और अपने परिवार को भी बेहतर स्वास्थ्य प्रदान कर सकें। उन्होंने बताया कि कुपोषण मुक्त अभियान के तहत महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता के महत्व को समझाया गया और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों से अवगत कराया गया। कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत एक अन्य कार्यक्रम टोहाना के वार्ड 11 में सुपरवाइजर पूजा द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। सुपरवाइजर पूजा ने महिलाओं को बताया कि एनीमिया के रोकथाम के लिए अच्छी हरे पत्तेदार सब्जियां मौसमी फल उचित समय पर खाने चाहिए। प्रेगनेंसी के दौरान आईएफए टैबलेट्स का सेवन बहुत जरूरी होता है। यह न केवल गर्भवती महिला में खून की कमी को पूरा करता है बल्कि यह होने वाले बच्चे के रीड की हड्डी और मस्तिष्क के विकास में भी बहुत सहायक होती है। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर नेहा, परमी, सुशीला, संतोष, ममता राज सहित क्षेत्र की अन्य महिलाएं भी मौजूद रही।



फतेहाबाद। महिलाओं को कुपोषण मुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाती। सुपरवाइजर।

### डबवाली सब्जी मंडी में चौधर को लेकर विवाद

- राकेश कंबोज को संगठन का प्रधान बनाने के खिलाफ उठाई आवाज

**डबवाली।** सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव को लेकर विवाद हो गया है। कुछ सदस्यों ने कल राकेश कंबोज को संगठन का प्रधान व अशोक लाटू को सचिव घोषित किया था। लेकिन अब बड़ी संख्या में आढ़ती इस चयन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। पूर्व प्रधान अशोक गुप्ता के मुताबिक संगठन की कार्यकारिणी भंग है। जो लोग सहमति के बिना चुनाव की बात कर रहे हैं वह ग़लत है।हमने कोई प्रधान या पदाधिकारी नहीं चुना। कुछ आढ़तियों ने मिलकर ड्रामा किया है। उन्होंने कहा कि करीब 30 लाइसेंस हैं, इनमें से ज्यादातर सदस्य बैठक में नहीं थे। ऐसे में चुनाव की बात बेमानी है। उन्होंने कहा कि सभी की सहमति से चयन करके पदाधिकारी चुने जाएंगे। उधर, सब्जी मंडी में सरकार द्वारा कुछ पुराने आढतियों को रियायती दरों पर दुकानें अलाट करने का मामला भी अब गरमाता जा रहा है। इस संबंध में कुछ लोगों ने सरकार को शिकायत भेजी है। इसमें कहा गया है कि नियमों को ताक पर रखकर रियायती दरों पर मिली दुकानों को आगे किराए पर दिया गया है। इस संबंध में भी जांच करवा कर कार्रवाई की मांग की।

## मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, दी जानकरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार केंद्रीय जेल 2 हिसार में माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण से लीगल एड कौंसिल असिस्टेंट नेहा रानी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला विचाराधीन बंदियों एवं महिला कैदियों को माहवारी स्वच्छता पर जानकारी दी। उन्होंने महिला विचाराधीन बंदियों व महिला कैदियों को नियमित रूप से स्नान करने, स्वच्छता बनाए रखना, सेनेटरी पैड या स्वच्छ कपड़े के उपयोग और सही तरीके से निस्तारण की विधियां बताई। उन्होंने कहा कि दूषित सेनेटरी पैड को कागज में लपेटकर फेके या जलाएं, हर चार या पांच घंटे में नए सेनेटरी पैड का प्रयोग करें। इसके साथ ही साबुन से हाथ धोएं। कार्यक्रम के दौरान महिला कैदियों व विचाराधीन बंदियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए जरूरी टिप्स दिए गए और उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया।



फतेहाबाद। मासिक धर्म स्वच्छता पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करती लीगल एड कौंसिल असिस्टेंट नेहा रानी।

## खाटू श्याम के लिए 41 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

- बाबा का निशान हाथों में लेकर लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

श्री श्याम बगीची धाम से 41 पैदल श्रद्धालुओं का जत्था खाटू श्याम के लिए रवाना हुआ। श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि श्री श्याम बगीची धाम एवं श्री श्याम बगीची पैदल यात्रा संघ के बैनर तले 41 पैदल श्रद्धालुओं का जत्था बाबा श्याम के रथ के साथ खाटू श्याम राजस्थान के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि यात्रा से पूर्व बाबा श्याम का रथ भव्य रुप से सजाया गया। बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा श्याम को भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। सुबह सवा आठ बजे श्याम बगीची से पैदल श्रद्धालुओं का जत्था हाथों में बाबा का निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए और बाबा के भजनों पर झूमते हुए खाटू श्याम के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि सिरसा से चलकर रास्ते में विभिन्न जगह पड़ाव डालते हुए 7 मार्च को खाटू श्याम जी पहुंचेंगे। 8 मार्च को बाबा को निशान चढ़ाकर बाबा श्याम के दर्शन करने बाद सिरसा के लिए रवना होंगे।



सिरसा। से खाटू धाम के लिए रवाना होते पैदल श्रद्धालु।

### ये रहे मौजूद

इस पैदल जत्थे में राजेंद्र गनेरीवाला, पवन गर्ग, अशोक खट्टर, दीपू, मंगत मेहता, राहुल मेहता, रमन सिंह, विकास शर्मा, इंद्रजीत, विनोद बंसल, कुलदीप, रुपा राम, शुभम, सुरजीत सिंह, नितिन, अनूप, सहदेव शास्त्री, सुमित, सुभाष अरोड़ा, परमीत, विनोद कुमार, अनुकरण, प्रेम कुमार, मुकेश कुमार, विजय मेहता, पंकज शर्मा, रोहित, तनीष, पारस आदि श्रद्धालु शामिल थे।

## होली उत्सव : 'आज बिरज में होली रे रसिया' भजन पर जमकर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

गुरु कृपा मंडल द्वारा मनाए जा रहे होली उत्सव के तहत राधा स्वामी वाली गली में ग्रोवर परिवार के निवास स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रोवर परिवार ने ज्योति प्रचंड कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद टी सीरीज कलाकार भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। ममता तनेजा ने राधा रानी कृपा कीजिए, लागी लगन मत तोडन्ना हरि जी, मेरी लागी लगन मत तोडन्ना, भजन प्रस्तुत कर सभी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद टी-सीरीज कलाकार भारत टुटेजा ने 'प्रीतम बोलो कब आओगे, भजन करो भरी जवानी में बुढ़ापा किसने देखा है, काले ओ उठा दे मने मटकी, आज बिरज में होली रे रसिया, श्यामा होली खेलन आया तेरिया सालिया वे' आदि भजनों से होली उत्सव में भजनों के रंग भर दिए। ग्रोवर परिवार ने गुरु कृपा मंडल का आभार व्यक्त किया। भारत टुटेजा को विशेष सम्मानित किया गया। इस मौके पर निशा टुटेजा, सुनीता खन्ना, ममता मेहता, वंदना, रजत मेहता, मंगल लाडला, भारत मेहता सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।



फतेहाबाद। होली उत्सव में भारत टूटेजा को सम्मानित करते महिला श्रद्धालु।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

भारत के नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में भारत के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ 4 व 5 मार्च को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित होगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने बताया कि ज्ञानेश कुमार के सीईसी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। पहली बार सीईओ को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। वैधानिक प्राधिकरण के रूप में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। डीसी ने बताया कि यह दो दिवसीय सम्मेलन राज्य के चुनाव अधिकारियों को विचार मंथन व एक दूसरे के अनुभवों से सीखने का मंच प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी जिसमें आईटी वास्तुकला, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया पहुंच को बढ़ाना और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है। दूसरे दिन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ पिछले दिन के विषयगत चर्चाओं पर अपनी-अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को दोहराता है।

## पुलिस की जुए के अड्डे पर रेड, 11 लोग गिरफ्तार

### 49,020 रुपये की जुआ राशि बरामद

- आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाने में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज:कालांवाली।

कालांवाली सीआईए पुलिस ने गश्त के दौरान गांव जगमालवाली से सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 11 लोगों को 49020 रुपए की जुआराशि व ताश के पत्तों के साथ काबू किया है। कालांवाली सीआईए प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम जगमालवाली बस अड्डा पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि शिवरात्रि के त्योहार पर चकेरिया रोड पर नहर पुल पर दर्जनभर लोग पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने एक रेडिंग पार्टी तैयार करके उक्त जगह पर दबिश दी तो नहर पटरी पर बैटरी की रोशनी में ताश के साथ जुआ खेलते हुए 11 लोगों को 49020 रुपए की जुआराशि व ताश सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान राजेंद्र पुत्र बृजलाल निवासी खाई शेरगढ़, गुरचरण पुत्र हाकम सिंह निवासी खतरावा, बलवीर सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी सुखचैन, जरनैल सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह निवासी कालांवाली, बसंत सिंह पुत्र हुकम चंद निवासी सुखचैन, गोपाल कृष्ण पुत्र रामचंद्र निवासी सालमखेडा, तेजा सिंह पुत्र गोविंद सिंह निवासी गदराना, गुरलाल सिंह पुत्र गुरजंट सिंह निवासी सुखचैन, जगतार सिंह पुत्र जगीर सिह निवासी थिराज, दुर्गा सिंह उर्फ दरोगा पुत्र चांद सिंह निवासी कौरआना व बलजिंद्र सिंह पुत्र करनैल सिह निवासी जंडवाला जाटान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना कालांवाली मामला में दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** पीएम श्री विद्यालय में जल संरक्षण पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

# विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक, जल बचाव के लगाए नारे

- विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ओढ़ा

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के तहत विभिन्न जल संरक्षण की गतिविधियां प्रधानाचार्य मनजीत कुमार के निर्देशन में करवाई गई। इस कार्यक्रम के नोडल डॉ. सुरेश कुमार प्रवक्ता व नरेश कुमार प्रवक्ता ने जल संरक्षण पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। जिसमें जल के विवेकपूर्ण उपयोग व जल के अपव्यय के प्रति सचेत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा गांव के लोगों को जागरूक करने के लिए गांव में एक रैली निकाली जिसमें विद्यार्थियों ने जल बचाने के नारे भी लगाए। वर्षा जल संग्रहण व वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने औटू हेड भ्रमण पर जल संग्रहण व पानी के उचित वितरण की प्रणाली को समझा। जल संग्रहण की प्राचीन पद्धतियों के तहत बच्चों ने गांव में स्थित जोहड़ का भी भ्रमण किया। विद्यार्थियों को जल बचाने व जल के अपव्यय को कम करने के लिए ड्रिप सिंचाई पद्धति की उपयोगिता को बताया गया और उन्हें ड्रिप खेती फॉर्म का भ्रमण भी कराया गया। ब्लाक संसाधन समन्वयक जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के प्रमुख प्रदीप बेनीवाल द्वारा जल संरक्षण चुनौतियां एवं अवसर पर विशेष व्याख्यान भी दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को वॉटर टेस्टिंग किट भी वितरित की। जिसके द्वारा पानी में जीवाणुओं की उपस्थिति का पता लगाया जा सके। इस मौके पर सुशील कुमार प्रवक्ता जीव विज्ञान ने कहा कि जल संसाधनों का जिम्मेदारी और कुशलतापूर्वक उपयोग करके हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसकी उपलब्धता को बनाए रख सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य मनजीत कुमार शिशपाल गोदारा ओमप्रकाश सिहाग सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




सिरसा। गांव पन्नीवाला मोटा में जल की बचत को लेकर गांव में जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री से सामान चोरी

फतेहाबाद। चोरों ने गांव धांगड़ स्थित इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री में घुसकर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे फैक्ट्री मालिक द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धांगड़ निवासी बलवान सिंह ने कहा है कि उसकी गांव धांगड़ में श्रीबाला जी इंटरलॉक के नाम से फैक्ट्री है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके फैक्ट्री में घुस गए और कमरे का ताला तोडक़र वहां से 1500 रुपये की नकदी के अलावा इन्वर्टर व ग्राइंडर व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। सुबह जब वह फैक्ट्री में गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब चोरों बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीघड़ रोड पर मकान से इन्वर्टर की बैटरी चोरी

फतेहाबाद। चोरों ने बीघड़ रोड स्थित एक घर में घुसकर वहां से इन्वर्टर की बैटरी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में बीघड़ रोड फतेहाबाद निवासी सुभाष चन्द्र ने कहा है कि वह लकडिय़ों का काम करता है। गत दिवस वह किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। पीछे से अज्ञात चोर उसके घर में घुस गया और वहां से इन्वर्टर की बैटरी चोरी कर ले गया है। जब वह वापस घर आया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास चोर की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### खेतों से हजारों रुपये की केबल चोरी, केस

सिरसा। जिला के गांव शेरपुरा निवासी किसान के कुक्कड़थाना-जोधकां रोड स्थित खेतों से चोर हजारों रुपए की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव शेरपुरा निवासी सूर्यप्रकाश ने बताया कि उसका कुक्कड़थाना-जोधकां रोड पर खेत है। उसने सिंचाई के लिए खेतों में ट्यूबवैल लगाया हुआ है। 20 फरवरी की सांय को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर ट्यूबवैल से करीब 150 फीट केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### पुलिस नाका के समीप से मोटरसाइकिल चोरी

ओढां। गांव पन्नीवाला मोटा में बस स्टैंड पर पुलिस नाका के निकट खड़ा एक मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में रवि डूडी निवासी गांव पन्नीवाला मोटा ने बताया कि बीती 24 फरवरी की सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह अपना मोटरसाइकिल (हीरो डीलक्स) गांव में नेशनल हाईवे नंबर 9 पर बस स्टैंड पर पुलिस नाका के निकट खड़ा कर बस द्वारा सरसा गया था। सायं करीब साढ़े 6 बजे जब वह वापस आया तो उसका मोटरसाइकिल वहां से गायब था।

टीम ने लोगों को नशे के खिलाफ इस जंग में शामिल होने का आह्वान किया

# नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि यह अपराध को भी जन्म देता है : सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ओढ़ा

ओढां थाना पुलिस टीम ने गांव जलालआना में आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। जागरूकता अभियान के दौरान टीम ने लोगों को नशे के खिलाफ इस जंग में शामिल होने का आह्वान किया। जलालआना में आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस की टीम ने आमजन को जागरूक करते कहा कि ड्रग्स जैसी बुराइयों के खात्मे के लिए युवाओं की बड़ी भूमिका हो सकती है। पुलिस अधिकारियों ने ड्रग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए बने कानूनो बारे भी जागरूक किया। नशामुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस द्वारा तीन स्तर पर कार्य किया जा रहा है। पहला युवाओं को जागरूक करना ताकि कोई नया बच्चा नशे की तरफ ना जाए। दूसरा प्रयास जो बच्चे नशे की लत में चले गए उनकी पहचान काउंसलिंग व उपचार शुरू करवाया गया है। तीसरा प्रयास नशा तस्करों का नेटवर्क तोडऩा। उन्होंने कहा कि नशा ना केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि यह अपराध को भी जन्म देता है। नशा करने और बेचने वाले दोनों व्यक्ति व समूह को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया और नशा मुक्त समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशा बेचने वाले व खरीदने वाले लोगों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री या उपयोग हो रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस की ड्रग मुक्त टीम प्रयासरत हैं। अगर उनके आसपास कोई नशा पीड़ित है तो इसकी सूचना नशा मुक्ति टीम डबवाली को दें उनका हर संभव ईलाज किया जाएगा।



सिरसा। गांव जलालआना में ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस टीम।

### सांवतखेड़ा नशा मुक्त गांवों की सूची में शामिल

डबवाली। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन की अगुवाई में नशा मुक्ति टीम व आमजन के सहयोग से आज गांव सांवतखेड़ा नशा मुक्त गांवों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाने में कामयाब हो गया है। पुलिस का दावा है कि डबवाली जिला के 62 गांव व 14 वार्ड नशा मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। अब वो दिन दूर नहीं जब डबवाली का हर एक व्यक्ति एक स्वर में बोलेगा कि हमारा डबवाली जिला अब नशा मुक्त हो गया है। जिसके लिए डबवाली पुलिस की भिन्न टीमें नशा तस्करी पर प्रहार करने व आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक करने का काम पूरी मेहनत व लगन से कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन मुख्य अतिथि के रूप में गांव सावंत खेड़ा की हरिजन चौपाल में आयोजित समारोह में पहुंचकर उपस्थित युवाओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव सांवत खेड़ा अब नशा मुक्त गांव बन गया है। यहां के युवाओं ने नशे को पूरी तरह से अलविदा कह कर गांव में किसी भी तरह का नशा न करने और न ही बेचने की शपथ ली है और यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। नशा मुक्ति पर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने सांवत खेड़ा के सरपंच को उनके गांव को नशा मुक्त बनाने में डबवाली पुलिस का सहयोग करने पर धन्यवाद दिया व उन्हें नशा मुक्त गांव का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया । इस अवसर पर एएसपी मयंक मुदगिल आईपीएस शहर थाना प्रबंधक, डीएसपी रमेश कुमार ,प्रभारी चौकी देसुजोधा उप नि. विजय कुमार,उप निरीक्षक सुग्रीव सिंह प्रभारी नशा मुक्ति टीम व अन्य पुलिस कर्मचारियों सहित सावंतखेड़ा गांव के सरपंच सुभाष कुमार, स्कूल के छात्र-छात्राएं व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



सिरसा। ग्राम प्रतिनिधियों को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

# पशु चोरी के आरोपी को सरदूलगढ़ से किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

- पकड़े गए युवक की पहचान पाल सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी सरदूलगढ़ के रूप में हुई है
- कार में आए तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसके जेब से 2 लाख रुपये निकाल लिए


गांव नागपुर में एक पशुबाड़े से हजारों के पशु चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने सरदूलगढ़ से एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान पाल सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी सरदूलगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चुराई गई 3 बकरियां व 4 बकरियों के बच्चे बरामद कर लिए है। इनकी कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 फरवरी को नागपुर निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह भेड़-बकरी पालन का करता है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके पशु बाड़े में घुसकर वहां से 8 पशु चोरी कर ले गया है। इस पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एसआई राधाकिशन ने इस मामले में आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे सरदूलगढ़ से गिरफ्तार कर चोरीशुदा पशु बरामद कर लिए हैं। इस बारे पुलिस ने 16 फरवरी 2024 को वार्ड नं. 11 भूना निवासी राजेन्द्र की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह गाडिय़ों की खरीद-फरोख्त का काम करता है। उसकी जान पहचान अजय उर्फ टिन्कू पुत्र रामनिवास निवासी वार्ड नं. 5 भूना के साथ हुई जोकि गाडिय़ों की खरीद-फरोख्त का काम करता था। अजय ने उसे फोन कर गाड़ी का सौदा करवाने के बहाने सनियाना नहर के पास होटल पर बुलाया। जब स्कूटी पर दो लाख रुपये लेकर नहर के पास पहुंचा तो अजय भी वहां आया और उसे लिंक रोड पर ले गया। इसी दौरान कार में आए तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसके जेब से 2 लाख रुपये निकाल लिए और अजय व तीनों युवक गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने लूट के बाद अजय उर्फ टिंकू और तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। तीन महीने पहले अजय और बलराज को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब तीसरे आरोपी नरेश को भी पकड़ लिया गया है। चौथा आरोपी अक्षय अब भी फरार है।

# पीएम श्री जेएनवी खारा खेड़ी में सामाजिक विज्ञान व हस्तकला विषय में बैगलेस कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

बस्ता रहित दिवस कार्यक्रम के तहत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी विद्यालय के कक्षा 6वीं और 7वीं के विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान की खुली प्रयोगशाला का भम्रण व कला विषय में कागज के द्वारा विभिन्न आकृतियों की कटिंग करके सुन्दर-सुन्दर रचनाओं का निर्माण करवाया गया। विद्यार्थियों ने इस गतिविधि को बहुत ही ध्यान से समझा और विषय से संबंधित जिज्ञासाओं को संतुष्ट करते हुए बस्तारहित शिक्षण का एक नया अनुभव प्राप्त किया।

सामाजिक विज्ञान की बस्ता रहित गतिविधि में विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान की खुली प्रयोगशाला में निर्मित किए गए विभिन्न मॉडलों के बारे में शिक्षण-अधिगम करवाया गया। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक मुकेश ने विद्यार्थियों को विषय से संबंधित विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से सामाजिक विज्ञान विषय की विस्तृत जानकारी दी गई। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने भारत का भौतिक मानचित्र, विश्व के महासागर और महाद्वीप, रेलवे की विभिन्न रेललाइन, जलियांवाला बाग का शहीदी कुंआ और गोलियों के निशान वाली दीवार, सौरमंडल, भूकंप की उत्पति से जुड़ा मॉडल, ज्वालामुखी तथा कुतुबमीनार आदि मॉडल्स के माध्यम से अधिगम किया। कला विषय के अध्यापक प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों से कागज के द्वारा फूलों की सुंदर कलाकृति, तितलियां व कपड़े की छोटी-छोटी कतरनों से विभिन्न वेशभूषाओं को पहने 12 कटपुतलियों का निर्माण करवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इस नई पहल (बस्ता रहित दिवस) और सामाजिक विज्ञान की खुली प्रयोगशाला के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि इस गतिविधि के द्वारा विद्यार्थियों का विषय से संबंधित अधिगम काफी सरल हो जाता है और उससे प्राप्त ज्ञान स्थायी रहता है। कार्यक्रम प्रभारी श्रीश कुमार ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम की महत्ता से अवगत कराया।



फतेहाबाद। बस्ता रहित दिवस कार्यक्रम में विभिन्न मॉडल्स के माध्यम से जानकारी प्राप्त करते विद्यार्थी।

# ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने अमावस्या पर अटूट लंगर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा महिला विंग जिला अध्यक्ष राखी मक्कड़, विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन कटारिया पार्षद, जिला महासचिव धर्मपाल चावला व जिला महिला उपाध्यक्षा अंजली कामरा के नेतृत्व में अमावस्या के अवसर पर अटूट लंगर का आयोजन किया गया। पुराना बस स्टैंड स्थित महाराजा अरूट चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को अपने समाज के प्रति जो कर्तव्य हैं, उन्हें अवश्य निभाना चाहिएद्ध यदि हमें परमात्मा ने समर्थ बख्शा है तो उसका सदुपयोग परमार्थ के लिए करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ ने कहा कि ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की फतेहाबाद जिला की शाखा बहुत ही एक्टिव है और शुरू से ही समाज सेवा में बढ़-चढक़र भाग लेती है। शीघ्र ही अन्य जिलों की टीमों को भी प्रेरित करके फतेहाबाद जिला की तरह कार्य करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता विनोद अरोड़ा, राजेन्द्र कुकड़ेजा अधिवक्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बाघला, मुकेश देवगन, रमेश मेहता, तारा मोंगा, देवेन्द्र मोंगा, सुभाष चराईपौत्रा, गुरदीप बग्गा, महेंद्र अरोड़ा, अंजू दानी, हरीश कुकड़ेजा, दीपक ग्रोवर, अर्जुन कटारिया, तारा मोंगा, पिंकी शर्मा, ममता रहेजा, ममता आहूजा आदि संगठन सदस्य उपस्थित थे।



फतेहाबाद। अमावस्या पर लंगर सेवा करते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने डोडा पोस्त सहित युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत जिला पुलिस ने टोहाना से एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान श्याम लाल पुत्र रामलाल निवासी जमालपुर शेखां के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई बलजीत सिंह ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव जमालपुर शेखां में वार्ड नं. 15 की गली में जा रही थी तो इसी दौरान सामने से एक युवक प्लास्टिक कट्टा लिए पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और एक मकान में जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम श्याम लाल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 5 किलो 988 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। युवक पर थाना सदर टोहाना में मामला दर्ज किया है।

# बाल वाटिका स्कूल के छात्रों ने 'माय ढाणी' भ्रमण का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

हिसार रोड स्थित बाल वाटिका पब्लिक स्कूल के 100 छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत 'माय ढाणी' का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीण संस्कृति और रोमांचक गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। छात्रों ने ऊंट की सवारी, बैलगाड़ी की सवारी और घुड़सवारी का रोमांच महसूस किया। इसके अलावा, जादूगर के शानदार करतब, कालबेलिया नृत्य, कठपुतली शो और विभिन्न खेलों ने बच्चों को खूब मनोरंजन किया। बच्चों ने एडवेंचर आइलैंड में भी जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। भ्रमण के दौरान स्वादिष्ट नाश्ता और लंच परोसा गया, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या रोजी महतानी ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर भी देती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार की आउटिंग आयोजित करने की बात कही। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



फतेहाबाद। भ्रमण का आनंद लेते बाल वाटिका स्कूल के विद्यार्थी।

# 15 लोग जुआ खेलते काबू 83 हजार रुपये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

जुआरियों पर नकेल कसते हुए थाना भट्टूकलां पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से हजारों की जुआ राशि बरामद की है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम एएसआई सत्यवान के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान रेलवे फाटक के पास मौजूद थी तो पुलिस को सूचना मिली कि भट्टूकलां में साइलों के पास विनोद पुत्र जय सिंह के खेत में बने कमरे में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अपनी गाड़ी को खेत से दूर खड़ा किया और पैदल खेत में बने कमरे के पास पहुंची तो देखा कि कमरे में 15 लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने कमरे में छापेमारी कर 15 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम सुरेश पुत्र राजेरा किरढ़ान, निश पुत्र गोपाल शर्मा भट्टूकलां, प्रहलाद पुत्र भूप सिंह भट्टूकलां, प्रकाश पुत्र जगदीश भट्टूकलां, सुभाष रणजीत किरढ़ान, देवेन्द्र पुत्र गौरीशंकर भट्टूकलरं, कन्हैया लाल पुत्र ओमप्रकाश भादरा, जोगिन्द्र पुत्र बनवारी भट्टूकलां, संदीप पुत्र ओमप्रकाश गंजा रूपाणा, सुभाष पुत्र श्योदान भट्टूकलां, कृष्ण कुमार पुत्र काशीराम भट्टूकलां, शिव कुमार पुत्र काशीराम गंजा रूपाणा, विनोद पुत्र जय सिंह भट्टूकलां, बलवान पुत्र रामप्रसाद भट्टूकलां व शिवचंद पुत्र जगदीश भट्टूकलां बताया।

# जब-जब प्रलय आई, विष्णु ने अवतरित होकर किया उद्धारः नित्यानंद गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

जब-जब पृथ्वी पर प्रलय आता है, भगवान विष्णु अवतरित होते हैं। पहली बार जब जल प्रलय आया तो प्रभु मत्स्य अवतार में अवतरित हुए। वहीं यह पुराण व्रत पूजन और भगवत स्मरण के साथ दान करना बताता है।

मत्स्य पुराण अष्टादश पुराणों में से एक मुख्य पुराण है। यह बात गांव फूलकां स्थित स्वामी लक्ष्येश्वर आश्रम गो सेवा सदन में चल रही मत्स्य महापुराण एवं दुर्लभ सत्संग के पहले दिन कथावाचक स्वामी नित्यानंद गिरी महाराज (कैलाश आश्रम ऋषिकेश वाले) ने उपस्थित श्रद्धालुओं से कही। उन्होंने कहा कि मत्स्य पुराण में 14 हजार श्लोक एवं 291 अध्याय हैं। भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार से संबद्ध होने के कारण यह पुराण मत्स्य पुराण कहलाता है।

भगवान ने मत्स्यावतार महात्य के द्वारा राजा वैश्वत मनु तथा सप्त ऋषियों को जो कल्याणकारी उपदेश दिए, वही मत्स्य पुराण है। मत्स्य पुराण में एक श्लोक है, जो हिंदू धर्म में पारिस्थितिकी की श्रद्धा के महत्व को बताता है। इसमें कहा गया है कि एक तालाब दस कुओं के बराबर है, एक जलाशय दस तालाबों के बराबर है, जबकि एक पुत्र दस जलाशयों के बराबर है और एक पेड़ दस बेटों के बराबर है।



सिरसा। प्रवचन करते हुए कथा वाचक स्वामी नित्यानंद गिरी महाराज।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

आयोजन | संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुभाष मानसा को विद्वानों ने दी श्रद्धांजलि

एमएम कॉलेज में संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुभाष मानसा की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह

# प्रगतिशील लेखक संघ ने सजाया कवि दरबार, कवियों ने समां बांध दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

प्रगतिशील लेखक संघ जिला फतेहाबाद द्वारा एमएम कॉलेज में संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुभाष मानसा की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह एवं कवि दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संतोष मानसा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की वहीं साहित्यकार सुवरन सिंह विर्क ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।

अध्यक्ष मंडल में संगठन के जिला अध्यक्ष अमनदीप सिंह अयाल्की, कवि संत कुमार टुटेजा और डॉ. हरविंदर सिंह शामिल थे। आयोजक भगवंत सिंह सेठी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. बलविंदर सिंह ने सुभाष मानसा के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. नैब सिंह मंडेर ने खालसा त्रि-शताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया की स्थापना में डॉ. मानसा द्वारा दिए गए योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ. मानसा मुखर व्यक्तित्व के धनी थे। सुवरन सिंह विर्क ने कहा कि सुभाष मानसा अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने हमेशा लोगों के दुख-दर्द को समझा और मदद की। विर्क ने कहा कि पूंजीवाद के दौर में आम आदमी का जीवन दूभर हो गया है। अब सभी को जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम में डॉ. सुभाष मानसा की धर्मपत्नी संतोष मानसा को जसवंत कौर और लघुकथा लेखिका रजनी हिसार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

समारोह में डॉ. हरविंदर सिंह, एडवोकेट देवीलाल और कवि विनोद सिल्ला ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में कवि दरबार का आयोजन बहुत प्रभावी रहा, जिसमें संत कुमार टुटेजा, भगवंत सेठी, अवतार शर्मा, विनोद सिल्ला, प्रोफेसर वारिस, पुनीत, प्रवीण कंबोज, हंस राज, ऋषि केश, प्रिंसिपल हरभगवान चावला, कुलदीप सिरसा, सुरजीत सिरडी, अमनदीप थिंद, सुरेश वर्णवाल, मंगत सिंह, श्रद्धा नंद, हैप्पी सिंह सेठी सहित कवियों ने अपनी कविता से समां बांध दिया। संघ के जिला अध्यक्ष अमनदीप सिंह अयाल्की ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. कुलविंदर पदम व भगवंत सेठी ने संयुक्त रूप से मंच संचालन किया। इस अवसर पर जसवंत कौर, सर्वजीत सिंह मान, एडवोकेट देवी लाल, विनोद कक्कड़, इकबाल सिंह, प्रेम कुमार, राजेश भारत, एडवोकेट सुधा रानी, मनजीत कौर हिसार, सुरेंद्र कांगड़ा, राजपाल मिताथल सहित अनेक विद्वान उपस्थित थे।



फतेहाबाद। कवि दरबार एवं श्रद्धांजलि समारोह में अतिथियों का स्वागत करते संघ सदस्य।